## महत्वपूर्ण एवं खास

### विधायक देवेंद्र यादव के गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस का प्रदेश व्यापी प्रदर्शन 21 को

**रायपुर (आरएनएस)।** भिलाई नगर विधानसभा के कांग्रेसी विधायक के गिरफ्तारी पर कांग्रेसी जबरदस्त गुस्से में है। बलौदाबाजार हिंसा मामले में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस 21 अगस्त को प्रदेश के तमाम जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन करेगी. इस बात का एलान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने किया। नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस गलत कार्रवाई बर्दाशत नहीं करेगी. कांग्रेस नेताओं को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है. देवेंद्र यादव पर 20 धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है. भाजपा के नेता भी आंदोलन में शामिल हुए थे, लेकिन भाजपा नेताओं से पूछताछ क्यों नहीं हुई।

### मुख्यमंत्री ने सपरिवार महाकालेश्वर के दर्शन कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

रायपुर, 19 अगस्त (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पवित्र सावन मास के अंतिम दिवस, पांचवें सोमवार को आज बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में सपरिवार महाकालेश्वर के दर्शन किए। मुख्यमंत्री साय ने पवित्र ज्योतिर्लिंग की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया एवं समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

### मुख्यमंत्री साय को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर ब्रह्मकुमारी बहनों ने बांधी राखी

**रायपुर (आरएनएस)।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निवास कार्यालय में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रायपुर की संचालिका ब्रह्मकुमारी सविता बहन एवं ब्रह्मकुमारी रश्मि बहन ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री साय को राखी बांधी और उनके स्वस्थ, सुदीर्घ और खुशहाल जीवन के लिए मंगलकामनाएं की। मुख्यमंत्री साय ने इस स्नेह और सम्मान के लिए ब्रह्मकुमारी दीदीयों का आभार प्रकट किया।

### सारंगढ़ और कोसीर सर्किल में आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन 27 तक आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग के सारंगढ़ और कोसीर परियोजना ने आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु 27 अगस्त 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया है। कोसीर परियोजना अंतर्गत ग्राम देवगांव और भंवरपुर के लिए कार्यालयीन समय में परियोजना अधिकारी कार्यालय, एकीकृत बाल विकास परियोजना कोसीर में आवेदन जमा किया जा सकता है। इसी प्रकार सारंगढ़ परियोजना के ग्राम जोगनीपाली, बेहराचुवां, कंवरगुड़ा, सेंधमाल, देवसर, खैरपाली, छिंचपानी, जोगीडीपा, झलमला, भिमखोलिया, दमदरहा, जवाहरनगर और अचानकपाली के आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगनबाड़ी सहायिका पद की भर्ती के लिए कार्यालयीन समय में परियोजना अधिकारी कार्यालय, एकीकृत बाल विकास परियोजना, गायत्री मंदिर के पीछे सारंगढ़ में आवेदन जमा किया जाना है। आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए योग्यता आठवी उत्तीर्ण निर्धारित है। इसी प्रकार आवेदिका को संबंधित गांव का निवासी होना चाहिए। गांव के मतदाता सूची में नाम दर्ज हो, निवास प्रमाण पत्र में सरपंच और सचिव का हस्ताक्षर होना चाहिए। आवेदिका की उम्र 18 से 44 वर्ष तक होनी चाहिए। सभी दस्तावेज 8वी की अंकसूची, वोटर आईडी, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि के फोटोकॉपी में स्वयं के हस्ताक्षर कर स्वप्रमाणित होना चाहिए।

# रक्षाबंधन पर बहनों ने जवानों को बांधी राखी, बहनों ने दी दीर्घायु होने की शुभकामनाएं

**रायपुर । आरएनएस**



रक्षाबंधन के मौके पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित बहनों ने सुरक्षा बलों के जवानों को राखी बांधकर उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर दूर-दराज के इलाकों में तैनात जवानों के प्रति बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर अपने स्नेह का इजहार कर उनके बीच एक खास रिश्ता बनाया।

बस्तर जिले के चांदामेटा और कोलेंग जैसे दूरस्थ इलाकों में महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित बहनों सुनीता कुंजाम, सोमड़ी मंडावी, पायके पोयाम, पालो कश्यप, सावित्री और फगनी सेठिया ने सीआरपीएफ के जवानों को राखी बांधी और उनकी सुरक्षा और दीर्घायु की प्रार्थना की। इन इलाकों में तैनात जवानों ने भी इन बहनों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और उन्हें आशीर्वाद दिया। जवानों ने कहा कि स्थानीय बहनों द्वारा बांधी गई राखियों ने उन्हें अपने परिवार की कमी महसूस नहीं होने दी और इस त्योहार को उनके लिए खास बना दिया।

जगदलपुर के परपा में स्थित छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 5वीं बटालियन के जवानों के साथ भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। महतारी वंदन योजना से लाभान्वित बहनों जिनमें ज्योति नाईक, शांति नाग, लिपिका सरकार, कविता झा, सुभाषिनी कश्यप, विनीता यादव, रेहाना बेगम और ममता साहू शामिल थीं ने इन जवानों को राखी बांधी और उनके लंबे जीवन की कामना की। जवानों ने भी इन बहनों को आशीर्वाद दिया और इस अवसर पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें अपने परिवार जैसा प्यार और सम्मान मिला।

इस मौके पर सीआरपीएफ 80वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट पंकज सरोज और अमित श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 5वीं बटालियन परपा के निरीक्षक राजा बाबू, बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना सैमसन, महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं भी मौजूद रहीं। सभी ने इस आयोजन की सराहना की और जवानों के प्रति बहनों के इस स्नेह को प्रेरणादायक बताया।

### भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व रक्षा बंधन: सुरक्षा बलों की कलाईयों पर बहनों ने बांधा रक्षा सूत्र

भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व रक्षा बंधन आज कांकेर जिले के दूरस्थ अंचलों में स्थित विभिन्न कैम्पों में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर महतारी वंदन योजना की महिला हितग्राहियों और स्वसहायता समूह की दीदीयों ने सुरक्षा बलों के जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी सलामती की कामना की। बहनों द्वारा राखी बांधने पर जवान भावुक हो गए और उन्होंने बहनों को रक्षा का वचन देते हुए उपहार भी भेंट किए।

रक्षा बंधन के इस आयोजन में कांकेर जिले के दुर्गूकोंदल विकासखंड स्थित बी.एस.एफ 178 बटालियन भूस्की में ग्राम भुस्की की हिना गावड़े ने सुरक्षा बलों के जवानों को राखी बांधी। इसी प्रकार ग्राम भुस्की की कमिला नेताम ने भी बी.एस.एफ 178 बटालियन में राखी बांधते हुए अपने भाव व्यक्त किए। उन्होंने कहा

सुरक्षा बलों के जवान अपने घर-परिवार से दूर देश एवं प्रदेश की सुरक्षा में तैनात रहते हैं। ऐसे में रक्षा बंधन के अवसर पर हम बहनों का फर्ज बनता है कि उनकी कलाइयों को सूनी न रहने दें।

इसी क्रम में बी.एस.एफ कैम्प कन्हार गांव, भानुप्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत केवटी क्लस्टर के एस.एस.बी कैम्प और अंतागढ़ स्थित 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल के जवानों को भी राखी बांधी गई। इसके अतिरिक्त कुहचे कैम्प अंतागढ़, कोयलीबेड़ा विकासखंड के बी.एस.एफ कैम्प प्रतापपुर, सीओबी 162 बटालियन बी.एस.एफ कैम्प रावघाट सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर भी महिलाओं द्वारा जवानों को रक्षाबंधन पर राखी बांधा गया। बहनों ने कहा कि हमारे देश के जवान जो दिन-रात सतर्क रहकर हमारी रक्षा कर रहे हैं उनकी कलाईयाँ कभी भी सूनी नहीं रहेंगी। यह आयोजन न केवल जवानों के लिए उत्साहवर्धक रहा बल्कि बहनों के लिए भी यह एक गर्व का अवसर था।

इस अवसर पर महतारी वन्दन योजना के हितग्राही महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का महतारी वंदन योजना के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा महतारी वंदन योजना ने मातृत्व को सम्मानित करने और महिलाओं के सशक्तिकरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।0

## साथ में बैठकर शराब पी,फिर पुत्र ने कर दी पिता की हत्या

**दुर्ग । आरएनएस**




जिले के भिलाई में एक युवक ने अपने पिता की हत्या कर दी। आरोपी युवक अपने पिता के साथ शराब पीने बैठा था इस दौरान उनके बीच विवाद हुआ और पुत्र ने ईंट से मारकर पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ़्तार कर लिया है। मामला मोहन नगर थानाक्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात आरोपी प्रकाश अपने पिता गीतेलाल के घर आया। दोनों ने एक साथ शराब पी। इसके बाद प्रकाश ने अपने पिता से और शराब मंगाने के लिए कहा। पिता गीतेलाल ने पैसा नहीं होने की बात कही। इस बात पर पिता-पुत्र में जमकर विवाद हो गया। विवाद दूसरी शादी तक पहुंच गया। विवाद बढ़ता देख गीतेलाल की दूसरी पत्नी पड़ोस में रहने वाली अपनी बेटी के घर चली गई। इधर, गुस्साए प्रकाश ने अपने पिता के सिर पर पत्थर पटक दिया। थोड़ी देर बाद गीतेलाल की मौत हो गई। गीतेलाल की लाश घर के पीछ कूड़े में फेंककर प्रकाश अपने घर चला गया। जब सन्नाटा पसरा तब दूसरी पत्नी घर पहुंची। गीतेलाल को मृत हालत में देखकर उसने मोहल्लेवालों को खबर दी। और इसकी सूचना मोहन नगर पुलिस थाने में दी गई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जाता है कि गीतेलाल ने दो शादी की है। पहली पत्नी से एक लडक़ी तथा आरोपी प्रकाश है। दूसरी पत्नी से दो लड़कियां तथा एक लडक़ा है। सभी की शादी हो चुकी है। मृतक गीतेलाल अपनी दूसरी पत्नी के साथ रहता था। इस बात को लेकर पहली पत्नी का बेटा प्रकाश गीतेलाल से नाराज रहता था। दोनों के बीच अक्सर विवाद भी होता था। 000

## रक्षाबंधन पर ब्रह्माकुमारी बहनों और एकल विद्यालय की छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

**रायगढ़**




रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने थाना चक्रधरनगर के प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव आहेर और उनके स्टाफ को राखी बांधकर त्यौहार मनाया। पुलिस चौकी खरसिया में भी ब्रह्मकुमारी बहनों ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधी ।इस भावनात्मक मौके पर पुलिसकर्मियों और बहनों के बीच भाईचारे का अनूठा संगम देखने को मिला।

इसी तरह एकल विद्यालय की छात्राओं ने थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगडे और अन्य स्टाफ को भी राखी बांधी। इस दौरान छात्राओं ने अपने सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिसकर्मियों को सौंपते हुए रक्षा सूत्र के रूप में राखी बांधने की परंपरा को निभाया।

थाना कापू क्षेत्र में भी एकल विद्यालय की छात्राओं ने थाना प्रभारी निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम और उनके स्टाफ को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों और छात्राओं के बीच स्नेह और सुरक्षा के बंधन को और भी मजबूत होते देखा गया।

### पुलिसकर्मियों ने आश्रम और विद्यालयों में बांधी राखी, मिठाई वितरण के साथ दी अनुशासन में रहने की प्रेरणा

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर थाना धरमजयगढ़ की प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर ने अपने स्टाफ के साथ बिरहोर आश्रम और मिशन हॉस्टल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम और हॉस्टल के बच्चों को राखी बांधी और मिठाई वितरित की। कमला पुसाम ठाकुर ने बच्चों को अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने और जीवन में उच्च लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रेरणा दी।

इसी कड़ी में थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक सीताराम ध्रुव ने नवोदय विद्यालय भूपदेवपुर में रक्षा बंधन का पर्व मनाया। उन्होंने शिक्षक और छात्र-छात्राओं के बीच उपस्थित होकर इस पवित्र त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर छात्राओं ने थाना प्रभारी और उनके स्टाफ को राखी बांधी। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने मिठाई बांटकर सभी को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दीं।

## राजधानी में 18 लाख की डकैती का मामला निकला फर्जी

**रायपुर । आरएनएस**



राजधानी रायपुर के गुढिय़ारी क्षेत्र में 18 लाख की डकैती होने का मामला फर्जी निकला। तांत्रिक के झांसे में आंकर महिला ने ही पैसै दिये और डकैती होने की झूठी कहानी बनाई। हालांकि पुलिस ने जल्द की मामले को सुलझा लिया।

बता दें कि रायपुर के आदर्श विहार गुढिय़ारी में एक जमीन कारोबारी रवि के घर से 18 लाख रूपये की डकैती होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। मामले में पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए जांच शुरू की। कारोबारी की पत्नी स्वाती ने पुलिस को बताया था कि वह अपने बच्चों के साथ अपने कमरे में सो रही थी वहीं उसका पति दूसरे कमरे में सो रहा था। इसी दौरन उनके घर में रात तीन बजे छत के रास्ते से चार लोग घूसे और उन्होंने उसे रस्सी से बांधा और घर में रखे लाखों रूपये लेकर भाग गये। सभी काला कपड़ा पहने हुए थे। जिसके बाद पुलिस उनके घर पहुंची और जांच किया। पुलिस ने डॉग स्कावड और फोरेसिंक टीम को भी बुलया। जांच के दौरान डॉग स्क्वायड की टीम बार-बार घर वालों के पास ही जाकर रूक जाती थी। जिसके बाद पुलिस ने दोनों पति पत्नी से कड़ाई से पुछताछ की तो मामला अलग ही निकला।

दरअसल दोनों पति-पत्नि के बीच अनबन थी तथा दोनों एक दूसरे के चरित्र पर शक करते थे। रवि ने पुजा पाठ के लिए एक तांत्रिक विजय पांडेय को बुलाया था। इस दौरान तांत्रिक विजय को पति-पत्नी के बीच विवाद का पता चला और उसने इसका फायदा उठाते हुए पत्नी स्वाती को बताया कि उसका पति तांत्रिक अनुष्ठान करवा रहा है जिससे उसकी और उसके बच्चों की मौत हो जाएगी। और खुद को व बच्चों को बचाने के लिए उसे भी अनुष्ठान करवाना होगा। जिससे पत्नी डर गई और तांत्रिक की बातों में आकर अनुष्ठान के लिए उसे घर में रखे 16 लाख एवं जेवर दे दिये। और तांत्रिक के कहने पर ही डकैती की झूठी ककहानी बनाई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी तांत्रिक विजय पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके पास से नगदी 14 लाख रूपये व जेवर बरामद किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध वसूली की धाराओं में कार्यवाही कर रही है।

## पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन प्रस्ताव की अंतिम तिथि आज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 के लिए पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्मश्री पुरस्कार के लिए ऑनलाईन नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित की गई है। जिले के योग्य एवं पात्र व्यक्तियों से पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में 20 अगस्त 2024 तक आमंत्रित की गई है। ऑनलाईन नामांकन व सिफारिश की क्रमवार प्रक्रिया पोर्टल अवार्ड्स डॉट जीओवी डॉट इन https://awards.gov.in पर बताई गई है। पद्म पुरस्कारों से संबंधित विधान एवं नियमावली वेबसाईट पद्मावार्ड्स डॉट जीओवी डॉट इन https://padmaawards.gov.in पर उपलब्ध है।

## मंदिर आई तीन वर्षीय बच्ची अपने परिजनों से बिछड़ी, पुलिस ने तुरंत ढूंढकर सकुशल लौटाया

**रायगढ़**



सावन के अंतिम सोमवार को सत्यनारायण बाबा धाम कोसमनारा, रायगढ़ मंय दर्शनार्थीयों की भीड़ को देखते हुए पुलिस की व्यापक व्यवस्था लगाई गई है । बाबाधाम दर्शन के लिए कनकटुरा, जिला झारसुगडा (उड़ीसा) के दशरथ कालो अपनी पत्नी व 03 वर्षीय बेटी प्रिंसी कालो के साथ आये थे, जहां बच्ची प्रिंसी कालो अपने परिजनों से अलग हो गई थी। इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बच्ची के परिजनों का पता लगाया और कुछ ही समय में बच्ची को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया।

पुलिस की त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई की बदौलत, प्रिंसी कालों को सुरक्षित उनके परिवार के साथ वापस मिलाया जा सका।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी लगातार कर रही होटलों में खाद्य पदार्थों की जांच : खाद्य नियमों का पालन करने होटल संचालकों को दिए निर्देश

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



मिलावटी मिठाई और केमिकलयुक्त रंगों के अधिक उपयोग से नागरिकों के सेहत को होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर धर्मेश साहू, उप संचालक खाद्य एवम औषधि प्रशासन डॉ. एफ आर निराला के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न होटलों में जांच की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी संध्या महिलांग एवं नमूना सहायक वरुण पटेल द्वारा 14 अगस्त को सरसीवा के होटलों एवं अन्य छोटे खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई जिसमें विमल होटल में निरीक्षण कर बूंदी व खोवा का खाद्य नमूना ले कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। निरीक्षण में उक्त होटल में गंदगी पाई गई। साथ ही पीने के पानी की व्यवस्था भी ठीक नहीं पाई गई, जिस पर अधिकारी द्वारा होटल के संचालक को एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। इसी तरह 16 अगस्त को भटगांव के होटलो में भी जांच की कार्यवाही की गई, जिसमें मुन्ना होटल से पेड़ा व बूंदी लड्डू एवम शिव चाट सेंटर से मटर मसाला व आलू टिक्की का खाद्य नमूना जांच के लिए लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण में होटल संचालको को खाद्य पदार्थो के संबंध में और नागरिकों के सेहत के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सभी को गुणवत्ता पूर्ण खाद्य पदार्थ एवम मिठाइयों का विक्रय करने, खाद्य पदार्थों के सही रख रखाव, खाद्य पदार्थों को मक्खी से बचाव हेतु ढककर रखने खाद्य पदार्थों में खाद्य रंग का सीमित मात्रा में उपयोग करने, खाद्य के लिए अखबारी पेपर का उपयोग नहीं करने और साफ सफाई रखने के दिशा निर्देश दिए गए।

## अधूरे कार्य को जो विभाग पूरा करेंगे उसे उसका भुगतान किया जाएगा : कलेक्टर साहू

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



कलेक्टर धर्मेश साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विगत दिवस जिले के अधिकारियों की बैठक ली। स्कूल शिक्षा विभाग के स्कूल जतन योजना और अन्य निर्माण कार्यों के लंबित प्रकरणों के संबंध में आरईएस एसडीओ बी के खांडेकर और शैलेंद्र वर्मा को कहा कि ठेकेदार को नोटिस देकर काम करने के लिए कार्यवाही करें। इसी प्रकार कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के प्रगति के संबंध में कहा कि शहर (सारंगढ़) का काम देख ही रहे हैं। कलेक्टर ने पीएचई एसडीओ कमल कंवर को कहा कि उन ठेकेदार के विरुद्ध क्या कार्यवाही किए। एसडीओ कंवर ने जानकारी दी कि दो बार नोटिस दिए हैं और काम नहीं करने पर भुगतान रोकने की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि ठेकेदार को बोलो कि रोड को बिगाड़ना नहीं है जैसा है उसी हालत में देना है। यदि उस समय अवधि में वो ठेकेदार काम नहीं करेंगे तो उस बचे हुए काम को नगरीय निकाय विभाग के माध्यम से कार्य किया जाना है और उस बचे हुए कार्य का भुगतान उस ठेकेदार के भुगतान से काटकर नगरीय निकाय विभाग को किया जाए। कलेक्टर ने ऐसे ठेकेदार को वारंट देकर बुलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि यदि जिले में किसी व्यक्ति का शिकायत आता है कि अमुख व्यक्ति या संस्था द्वारा किसी सरकारी योजना के लाभ के लिए या किसी सरकारी कार्य के लिए रुपए की मांग की जाती है और कलेक्टर या अन्य अधिकारी के पास शिकायत होने पर उस व्यक्ति या संस्था द्वारा रुपए लौटा दिया जाता है तो भी उस व्यक्ति या संस्था के खिलाफ शिकायतकर्ता का राशि मांग करने, परेशान करने के खिलाफ कानून की संबंधित धारा लगाकर कार्यवाही करना है। कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि ऐसे व्यक्ति या संस्था को रुपए लौटा देने पर भी, उसके द्वारा काम के एवज में रुपए की मांग और नहीं लौटाने के किए गए कृत्य के लिए कानून कार्यवाही करें। कलेक्टर धर्मेश साहू ने अपेक्स बैंक के उप प्रबंधक और सहकारिता अधिकारियों को गाताडीह और कोसीर जैसे फर्जी खाद बीज आहरण जैसे प्रकरणों पर अन्य समितियों में भी प्रकरण पाए जाने पर उसके खिलाफ एफआईआर करें। कलेक्टर ने पंचायत, पीडब्ल्यूडी आदि विभागो के अधिकारियों को कहा कि विभाग द्वारा किसी कार्य के लिए बजट आया है तो उस कार्य का प्रस्ताव स्वीकृत है तो कार्य शुरू करें यदि प्रस्ताव भेजना है या किसी वजह से कार्य लंबित है तो उस लंबित होने के कारण के निराकरण के लिए मेरे पास (कलेक्टर को) फाइल भेजने की जरूरत है तो मेरे पास भेजो। पुलिस बल, भू अर्जन, राजस्व या वन भूमि का कोई प्रकरण है तो उसके निराकरण के लिए तुरंत कार्यवाही करें। कलेक्टर ने सरकारी भूमि से कब्जा हटाने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए। बिलाईगढ़ के सड़क चौड़ीकरण में सहयोग करने के लिए एसडीएम, सीएमओ और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने नगरपालिका सारंगढ़ और सभी नगर पंचायत के सीएमओ को कहा कि शहर की नियमित सफाई करें और मकान या दुकान मालिक से सफाई शुल्क वसूली करें। इस अवसर पर जिले के अधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480